an>

Title: Need to construct shelter houses for the poors.

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से उन लाखों-करोड़ों लोगों की तरफ जो फेरी वाले, खेचरी वाले, सिर पर टोकरी रख कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए गांवों से शहरों की तरफ आते हैं, उनकी तरफ सरकार का ध्यान आकृÂट करना चाहता हूं। इन लोगों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इनके रहने का कोई ठिकाना नहीं होता है और दुकानों के सामने जहां भी इन्हें जगह मिलती है, फुटपाथ पर ये अपना काम-धंधा करते हैं या शाम को जब बड़ी दुकाने बंद हो जाती हैं, तो उनके सामने अपनी दुकानें लगाते हैं। इन लोगों को अकारण पुलिसवालों की तरफ से परेशान किया जाता है, वहीं असामाजिक तत्वों द्वारा भी अवैध वसूली की जाती है। इस कारण वे न तो अपना धंधा ठीक ढंग से कर पाते हैं और न ही अपने परिवार के लिए पैसा बचा पाते हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्Âिित करना चाहता हूं कि इस तरह से फुटपाथ पर अपनी रोजी-रोटी कमाने वाले लोगों के लिए शेल्टर हाउस बनाने और उन्हें असामाजिक तत्वों तथा पुलिस से संरक्षण दिलाने की पहल करे।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Nishikant Dubey and

Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Dr. Virendra Kumar.